गुरुग्राम
वीरवार
14 सितंबर, 2023
वर्ष 11, अंक 254
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# ह्यूमन इंडिया

हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com  बिहार की बेटी बनी दुनिया की सबसे कम उम्र की नॉन-फिक्शन राइटर

## सामाजिक उद्यमिता सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न




ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 13.09.2023 को एस.डी.जी क्लब द्वारा सामाजिक उद्यमिता पर चलाया जा रहा सर्टिफिकेट कोर्स संपन्न हुआ। यह कोर्स 24 फरवरी 2023 को शुरू हुआ था जिसमें विभिन्न कक्षाओं के 40 छात्रों को नामांकित किया गया। इस कोर्स का लक्ष्य छात्रों को सामाजिक उद्यमिता को जीवन में अपनाकर भविष्य के लिए तैयार करना एवं उन्हें हमारे पृथ्वी ग्रह के लाभ की दिशा में काम करने के सार्थक तरीकों से संलग्न कराना था। बता दें इसे पहले 01.02.2023 को एस.डी.जी क्लब, जो संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए अपने समर्पण के लिए जाना जाता है, ने इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम को वितरित करने के लिए आर्कैडटेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एम. ओ. यू हस्ताक्षर किया है जिसके निदेशक श्री अनित गुप्ता हैं।उद्यमिता और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाने जाने वाले श्री अनित गुप्ता जी ने पूरे कोर्स के दौरान अपना ज्ञान और अनुभव विद्यार्थियों के साथ साँझा किया। पाठ्यक्रम में प्रतिभागियों ने सामाजिक उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं को सीखा, जिसमें सामाजिक मुद्दों की पहचान करना, स्थायी व्यापार मॉडल विकसित करना और सकारात्मक सामाजिक प्रभाव पैदा करना शामिल है। कार्यक्रम इंटरैक्टिव वीडियो सबक और समूह चर्चा की एक श्रृंखला के माध्यम से ऑफ़लाइन और ऑनलाइन मोड दोनों में आयोजित किया गया था जिसमें प्रतिभागियों ने पी.पी.टी प्रस्तुति के माध्यम से अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति की।पाठ्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एस.डी.जी) पर खासतौर पर जोर दिया गया।अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण कांत जी ने इस अभिनव पाठ्यक्रम के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हमें एक ऐसे कार्यक्रम का आयोजन करने पर गर्व है जो व्यक्तियों को ऐसे व्यवसाय बनाने के लिए सशक्त बनाता है जो सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों से सम्बन्ध रखते हैं। उन्होंने कोर्स के सफल आयोजन पर श्री अनित गुप्ता, एस. डी. जी क्लब के संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला और उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा जल्द ही इस कोर्स को दोबारा 2023-24 सत्र के लिए शुरू किया जाएगा। एस.डी.जी क्लब के संयोजक डॉ. मनोज शुक्ला ने कहा कि इस पाठ्यक्रम से विद्यार्थियों में समाज में बदलाव लाने के लिए एक नयी ऊर्जा उत्पन्न हुई है।